रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD.NO.D.L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग I—खण्ड 1
PART I—Section 1
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 125] नई दिल्ली, शुक्रवार, जून 17, 2011/ज्येष्ठ 27, 1933
No. 125] NEW DELHI, FRIDAY, JUNE 17, 2011/JYAISTHA 27, 1933

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय

(वाणिज्य विभाग)

(पाटनरोधी एवं सम्बद्ध शुल्क महानिदेशालय)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 17 जून, 2011

अंतिम जाँच परिणाम

(मध्यावधि समीक्षा)

विषय : चीनी ताइपेई से पेन्टाएरिथ्रिटॉल के आयातों पर लागू पाटनरोधी शुल्क के बारे में मध्यावधि समीक्षा जांच—अंतिम जाँच परिणाम ।

क. मामले की पृष्ठभूमि

सं. 15/10/2010-डीजीएडी.—यथा संशोधित सीमा-शुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 (जिसे आगे अधिनियम कहा गया है) और सीमा-शुल्क टैरिफ (पाटित वस्तुओं की पहचान, उन पर शुल्क अथवा अतिरिक्त शुल्क का आकलन एवं वसूली तथा क्षति निर्धारण) नियमावली, 1995 (जिसे आगे पाटनरोधी नियमावली कहा गया है) को ध्यान में रखते हुए निर्दिष्ट प्राधिकारी (जिसे एतद्पश्चात् प्राधिकारी कहा गया है) ने चीनी ताइपेई के मूल के या वहाँ से निर्यातित पेन्टाएरिथ्रिटॉल के आरोपित पाटन के बारे में 22 जून, 2010 को मध्यावधि समीक्षा पाटनरोधी जाँच शुरू की । चीनी ताइपेई, कनाडा और जापान के मूल के या वहाँ से निर्यातित पेन्टाएरिथ्रिटॉल के आयातों के खिलाफ मूल जाँच 22 नवम्बर, 2001 को शुरू की गई थी। समस्त तीनों देशों से पेन्टाएरिथ्रिटॉल के आयातों पर अनंतिम पाटनरोधी शुल्क 15 फरवरी, 2002 के प्राधिकारी के प्रारंभिक जाँच परिणामों के आधार पर 27 मार्च, 2002 को सी.शु. अधिसूचना सं. 33/2002-सी.शु. के तहत लगाया गया था । अंतिम जाँच परिणाम 8 अक्तूबर, 2002 की अधिसूचना द्वारा अधिसूचित किए गए थे और राजस्व विभाग ने उपर्युक्त संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तु पर निश्चयात्मक पाटनरोधी शुल्क 31 अक्तूबर, 2002 की अधिसूचना सं. 119/2002-सी.शु. के तहत लगाया था । प्राधिकारी ने 5 वर्ष समाप्त होने के बाद 15 मार्च, 2007 को निर्णायक समीक्षा जाँच शुरू की थी। निर्णायक समीक्षा संबंधी अंतिम जांच परिणाम 5 मार्च, 2008 की अधिसूचना द्वारा अधिसूचित किए गए थे और राजस्व विभाग ने 28 अप्रैल, 2008 की अधिसूचना सं. 55/2008-सी.शु. के तहत चीनी ताइपेई तथा जापान से संबद्ध वस्तु पर निश्चयात्मक पाटनरोधी शुल्क की राशि में वृद्धि की थी ।

2. और यतः नियमों के अंतर्गत प्राधिकारी के लिए पाटनरोधी शुल्क को सतत रूप से लागू रखने की जरूरत की समय-समय पर समीक्षा करनी अपेक्षित है और उसे प्राप्त सकारात्मक सूचना के आधार पर इस बात से संतुष्ट होने के बाद की ऐसे शुल्क को सतत रूप से लागू रखने का कोई औचित्य नहीं है, प्राधिकारी उसे समाप्त करने के लिए केन्द्र सरकार से सिफारिश कर सकते हैं । उपर्युक्त उपबंध के अनुसार निर्दिष्ट प्राधिकारी का मै. कनोरिया कैमिकल्स एंड इंडस्ट्रीज लि. द्वारा दायर एक आवेदन प्राप्त हुआ जिसमें चीनी ताइपेई के मूल की या वहाँ से निर्यातित संबद्ध वस्तु पर लगाए गए पाटनरोधी शुल्क की मध्यावधि समीक्षा की जरूरत की पुष्टि की गई थी और संबद्ध वस्तु पर लगाए गए पाटनरोधी शुल्क की राशि को बढ़ाने/उसमें संशोधन करने का अनुरोध किया था । घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत कई आधारों में से उन्होंने यह अनुरोध किया कि घरेलू उद्योग को क्षति पहुँचाने वाले पाटन को समाप्त करने के लिए मौजूदा उपाय अब काफी नहीं रहा है और घरेलू उद्योग मौजूदा पाटनरोधी शुल्क के बावजूद अपना निष्पादन सुधारने में समर्थ नहीं है । यह उल्लेख किया गया था कि एक बार क्षतिकारी पाटन समाप्त किए जाने के बाद घरेलू उद्योग को अपना निष्पादन उचित स्तर पर लाने की स्थिति में आ जाना चाहिए था । घरेलू उद्योग ने यह भी तर्क दिया है कि आयात के मौजूदा पाटनरोधी शुल्क के बावजूद आयातों के कारण हो रही कीमत कटौती के परिणामस्वरूप घरेलू उद्योग की लाभप्रदता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है । घरेलू उद्योग ने आगे यह अनुरोध किया था कि लागू पाटनरोधी शुल्क के बावजूद पाटित कीमतों पर बड़ी मात्रा में आयात हो रहे हैं । यह भी तर्क दिया गया था कि चीनी ताइपेई से हो रहे आयातों के कारण वर्तमान पाटनरोधी शुल्क लागू होने के बाद भी अत्यधिक कीमत कटौती और कम कीमत पर बिक्री हो रही है ।

3. समीक्षा शुरू करने के लिए परिस्थितियों में इस परिवर्तन को उचित माना गया था । 5 मार्च, 2008 की अधिसूचना सं. 15/7/2006-डीजीएडी के तहत अधिसूचित अंतिम जाँच परिणामों की समीक्षा करने का निर्णय लेने के बाद प्राधिकारी ने पाटनरोधी शुल्क को सतत रूप से लागू रखने और इस बात की समीक्षा करने के लिए कि क्या चीनी ताइपेई के मूल के या वहाँ से निर्यातित पेन्टाएरिथ्रिटॉल के आयातों पर शुल्क को सतत रूप से जारी रखना पाटन को समाप्त करने के लिए पर्याप्त है अथवा क्या शुल्क की राशि बढ़ाने से क्षति जारी रहने या उसकी पुनरावृत्ति की संभावना है, नियम 23 के अनुसार जाँच शुरू की ।

ख. प्रक्रिया

4. इस जाँच के संबंध में निम्नलिखित प्रक्रिया अपनाई गई है ।

i) समीक्षा शुरू करने के बाद प्राधिकारी ने संगत सूचना माँगने के लिए नियम 6(4) के अनुसार जाँच शुरूआत संबंधी अधिसूचना के साथ-साथ संबद्ध देश के समस्त ज्ञात उत्पादकों और/ अथवा निर्यातकों को प्रश्नावली भेजी ।

क्र. सं.	कम्पनी का नाम
1	मै. ली चांग युंग कैमिकल इंड. कॉर्पोरेशन
2	ताइपेई प्लस कैमिकल इंड. कंपनी
3	परेलाकैमीकैलो लि.

तथापि, इनमें से किसी भी पक्षकार ने निर्धारित प्रपत्र में और ढंग से प्रश्नावली का उत्तर नहीं दिया । वस्तुतः किसी भी निर्यातक से कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ ।

ii) नियम 6(2) के अनुसार नई दिल्ली स्थित चीनी ताइपेई सांस्कृतिक केंद्र को इस अनुरोध के साथ जाँच की शुरूआत के बारे में सूचित किया गया था कि वे निर्धारित समय के भीतर प्रश्नावली का उत्तर देने के लिए अपने देश के निर्यातकों/उत्पादकों को सलाह दें ।

iii) नियम 6(4) के अनुसार आवश्यक सूचना माँगते हुए भारत में संबद्ध वस्तु के ज्ञात आयातकों, उपभोक्ताओं, औद्योगिक प्रयोक्ताओं को प्रश्नावलियाँ भेजी गई थीं ।

क्र. सं.	कंपनी का नाम	क्र. सं.	कंपनी का नाम
1	मै. विबज्योर पेन्ट्स प्रा. लि., मुंबई	17	मै. एच आर ट्रेडिंग कं. प्रा. लि., मुंबई
2	मै. सुमन ट्रेड इम्पैक्स प्रा. लि., मुंबई	18	मै. लियो कैमो प्लास्ट प्रा. लि., मुंबई
3	मै. सराफ कैमिकल्स लि., मुंबई	19	मै. समीर डाइकैम, मुंबई
4	मै. एलकॉन इंटरप्राइजेज, कोलकाता	20	मै. वर्जर पेन्ट्स इंडिया लि., मुंबई
5	मै. एवीएम सेल्स प्रा. लि., कोलकाता	21	मै. सेंचुरी इन्का लि., मुंबई
6	मै. सिवा स्पेशियलिटी कैमिकल्स (इंडिया) लि., मुंबई	22	मै. एडिसन पेन्ट्स एंड कैमिकल्स, चेन्नई
7	मै. डैक्रो पेन्ट्स, हैदराबाद	23	मै. कोट्स ऑफ इंडिया लि., मुंबई
8	मै. डुजोडवाला पेपर कैमिकल्स लि., रायगढ़	24	मै. हार्ड कैसल एंड वॉल मैन्यू. कं. लि., मुंबई
9	मै. गार्गी इंड. प्रोप., नवी मुम्बई	25	मै. गुडलास नैरालैक पेन्ट्स लि., मुंबई
10	मै. मित्शु इंड. लि., मुंबई	26	मै. हीरो डाइकैम इंड., मुंबई
11	मै. रेजिन्स एंड पिगमेंट्स, पीतमपुर (म.प्र.)	27	मै. हिन्दुस्तान इंक्स एंड रेजिन्स, मुंबई
12	मै. कैमीकलर एजेंसी, कोलकाता	28	मै. आईवीपी लि., थाणे
13	मै. शालीमार पेन्ट्स लि., हावड़ा	29	मै. जैनसन एंड निपलसन (आई) लि., कोलकाता
14	मै. डुजोडवाला पेपर कैमिकल्स, मुंबई	30	मै. पारस डाइज एंड कैमिकल्स, मुंबई
15	मै. ईस्ट कार्पो. इंटरनेशनल, कोलकाता	31	मै. पर्सटार्प एजेंसीज कैमिकल्स प्रा. ल., वलसाड
16	मै. गरवारे पॉलिस्टर लि., मुंबई	32	मै. गुडलास नैरालैक पेन्ट्स लि., मुंबई

तथापि, इनमें से किसी भी पक्षकार ने निर्धारित प्रपत्र में और ढंग से प्रश्नावली का कोई उत्तर दायर नहीं किया ।

iv) यह जाँच 01.01.2009 से 31.12.2009 तक की अवधि (जाँच अवधि) के लिए की गई थी । तथापि, क्षति जाँच वर्ष 2006-07 से जाँच अवधि की समाप्ति तक की अवधि के लिए की गई थी ।

v) वाणिज्यिक आसूचना एवं सांख्यिकी महानिदेशालय (डीजीसीआई एंड एस), कोलकाता से जाँच अवधि और पिछले तीन वर्षों के लिए भारत में संबद्ध वस्तु के आयातों के ब्यौरों की व्यवस्था करने का अनुरोध किया गया था । डीजीसीआई एंड एस से सूचना प्राप्त हुई थी । तथापि, इस जाँच में डीजीसीआई एंड एस की रिपोर्ट पर भरोसा नहीं किया गया है क्योंकि आईबीआईएस द्वारा प्रदर्शित मात्रा डीजीसीआई एंड एस से अधिक है । घरेलू उद्योग ने यह अनुरोध किया है कि आईबीआईएस की रिपोर्टों में मद के विवरण के अनुसार सूचना दी गई है और इनमें अन्य वर्गीकरणों के अंतर्गत सूचित विचाराधान उत्पाद शामिल है । संबद्ध वस्तु के अन्य उत्पादकों से भी घरेलू उद्योग के निर्धारित प्रश्नावली में और ढंग से सूचना माँगी गई थी तथापि, घरेलू उद्योग संबंधी प्रपत्र में कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई थी ।

vi) प्राधिकारी ने उपर्युक्त नियम 6(iii) के अनुसार संबद्ध देशों के ज्ञात उत्पादकों और/अथवा निर्यातकों तथा चीनी ताईपेई सांस्कृतिक केन्द्र को आवेदन के अगोपनीय रूपांतरण की प्रतियाँ उपलब्ध कराईं । अनुरोध किए जाने पर अगोपनीय आवेदन की प्रति अन्य हितबद्ध पक्षकारों को भी उपलब्ध कराई गई थी ।

vii) ताइवान में संबद्ध वस्तु के किसी भी निर्यातक या उत्पादक से जाँच शुरूआत संबंधी अधिसूचना का कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ था ।

viii) प्राधिकारी ने नियम 6(6) के अनुसार संगत सूचना मौखिक रूप से प्रस्तुत करने के लिए हितबद्ध पक्षकारों को एक अवसर प्रदान करने हेतु 18 जनवरी, 2011 को मौखिक सुनवाई आयोजित की जिसमें मै. कनोरिया कैमिकल्स एंड इंड. लि. (अपने परामर्शदाताओं के जरिए) ने भाग लिया था । मौखिक सुनवाई में भाग लेने वाले पक्षकारों को मौखिक रूप से प्रस्तुत सूचना को लिखित अनुरोध दायर करने की सलाह दी गई थी । हितबद्ध पक्षकारों को अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत विचारों/सूचना पर खण्डनात्मक तर्क प्रस्तुत करने की अनुमति दी गई थी । निर्दिष्ट प्राधिकारी ने हितबद्ध पक्षकारों से प्राप्त अनुरोधों पर समुचित विचार किया है ।

ix) बाद में चीनी ताइपेई के एक निर्यातक से ई-मेल प्राप्त हुआ जिसने जाँच की शुरूआत के बाद से ही प्राधिकारी को कोई तर्क/उत्तर प्रस्तुत नहीं किया था । इस ई-मेल में सार्वजनिक सुनवाई स्थगित करने का अनुरोध किया गया था क्योंकि उसे सार्वजनिक सुनवाई का पत्र काफी विलंब से मिला था । बाद में चीनी ताइपेई सांस्कृतिक केन्द्र से भी एक पत्र प्राप्त हुआ जिसमें इस तथ्य के बारे में चिंता व्यक्त की गई कि निर्यातकों में से एक निर्यातक को सार्वजनिक सुनवाई की सूचना काफी बाद में मिली है ।

प्राधिकारी ने नियम 6(6) के अनुसार संगत सूचना मौखिक रूप से प्रस्तुत करने के लिए हितबद्ध पक्षकारों को एक और अवसर प्रदान करने हेतु 30 मार्च, 2011 को एक अन्य सार्वजनिक सुनवाई आयोजित की । यह नोट किया जाता है कि इस दूसरी सुनवाई में भी घरेलू उद्योग को छोड़कर किसी भी हितबद्ध पक्षकार

ने भाग नहीं लिया । जाँच के दौरान हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रदत्त सूचना/ साक्ष्य तथा दिए गए तर्कों पर प्राधिकारी ने उस सीमा तक समुचित रूप से विचार किया है जिस सीमा तक वे वर्तमान जांच के लिए प्रासंगिक हैं ।

x) प्राधिकारी ने जाँच के दौरान प्रदत्त सूचना की पर्याप्तता और सत्यता के बारे में स्वयं को संतुष्ट किया । इस प्रयोजनार्थ प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग तथा उत्पादकों/निर्यातकों का संगत और आवश्यक समझी गई सीमा तक मौके पर सत्यापन किया । घरेलू उद्योग से क्षति के बारे में अतिरिक्त/पूरक ब्यौरे माँगे गए थे जो प्राप्त भी हो गए थे ।

xi) उपर्युक्त नियमावली के नियम 16 के अनुसार इस जाँच परिणाम के लिए विचारित आवश्यक तथ्यों/आधार का प्रकटन ज्ञात हितबद्ध पक्षकारों को किया गया है ओर उस पर प्राप्त टिप्पणियों पर इस अंतिम जाँच परिणाम में भी विचार किया गया है ।

xii) प्राधिकारी ने हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य का अगोपनीय रूपांतरण उसके द्वारा रखे गए सार्वजनिक फाइल के जरिए उपलब्ध किया और नियम 6(7) के अनुसार उसे हितबद्ध पक्षकारों के निरीक्षण हेतु खुला रखा ।

xiii) सामान्यतः स्वीकृत लेखा सिद्धांतों (जीएएपी) के आधार पर और आवेदक द्वारा प्रस्तुत सूचना के अनुसार भारत में संबद्ध वस्तु की ईष्टतम उत्पादन लागत तथा उसे बनाने और बेचने की लागत निकालने के लिए लागत जाँच की गई थी ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या पाटन मार्जिन से कम पाटनरोधी शुल्क घरेलू उद्योग को हुई क्षति समाप्त करने के लिए पर्याप्त होगा ।

xiv) जहाँ किसी हितबद्ध पक्षकार ने वर्तमान जाँच के दौरान आवश्यक सूचना जुटाने से मना किया है अथवा उस अन्यथा उपलब्ध नहीं कराया है अथवा जाँच में अत्यधिक बाधा डाली है वहाँ प्राधिकारी ने उपलब्ध तथ्यों के आधार पर विश्लेषण दर्ज किया है ।

xv) हितबद्ध पक्षकारों द्वारा गोपनीय आधार पर प्रदत्त सूचना की जाँच गोपनीयता के दावे की पर्याप्तता के संबंध में की गई थी । संतुष्ट होने के उपरांत प्राधिकारी ने अपेक्षानुसार गोपनीयता प्रदान की है और ऐसी सूचना गोपनीय मानी गई है और इसका प्रकटन अन्य हितबद्ध पक्षकार को नहीं किया है । जहाँ संभव हुआ है गोपनीय आधार पर सूचना प्रदाता पक्षकारों को यह निर्देश दिया गया था कि वे गोपनीय आधार पर दायर सूचना का पर्याप्त अगोपनीय रूपांतर उपलब्ध कराएँ ।

xvi) *** यह चिह्न इस अंतिम जाँच परिणाम में हितबद्ध पक्षकारों द्वारा गोपनीय आधार पर सूचना का द्योतक है और प्राधिकारी ने नियमानुसार उसे गोपनीय ही माना है ।

ग. विचाराधीन उत्पाद तथा समान वस्तु

5. मूल जांच, निर्णायक समीक्षा जांच तथा वर्तमान मध्यावधि समीक्षा जांच मे शामिल उत्पाद पेंटाएरीथ्रिटॉल है । अतः वर्तमान मध्यावधि समीक्षा में विचाराधीन उत्पाद वही है जैसाकि निर्दिष्ट प्राधिकारी ने पूर्ववर्ती जांचों में अवधारित किया है ।

ग.1 आयातकों, उपभोक्ताओं, निर्यातकों तथा अन्य हितबद्ध पक्षकारों के विचार

6. विचाराधीन उत्पाद तथा समान वस्तु के बारे में किसी भी आयातक, उपभोक्ता, निर्यातक तथा अन्य हितबद्ध पक्षकार ने कोई टिप्पणी या अनुरोध दायर नहीं किया है ।

ग.2 प्राधिकारी द्वारा जांच

7. विचाराधीन उत्पाद पेंटाएरीथ्रिटॉल है जो एक कार्बनिक यौगिक है जिसका उपयोग अल्किडरेजिन, रोजिन ईस्टरों, प्लास्टिसाइजरों, मुद्रण स्याही, सिंथेटिक रबड़, प्लास्टिक हेतु स्टेबिलाइजरों, उपांतरित ड्राइंग तेलों, डेटोनेटरों, विस्फोटकों, भेषजों, प्रमुख तेलों और सिंथेटिक लुब्रिकेंटों के विनिर्माण में किया जाता है । पेंटाएरीथ्रिटॉल तकनीकी ग्रेड या नाइट्रेशन ग्रेड का हो सकता है और दोनों ही ग्रेडों को विचाराधीन उत्पाद तथा वर्तमान जांच के दायरे में शामिल किया गया है । पेंटाएरीथ्रिटॉल सीमाशुल्क टैरिफ अधिनियम के अध्याय 29 के सी.शु. उपशीर्ष सं0 2905.42 के अंतर्गत वर्गीकृत है ।

8. पाटनरोधी नियमावली के नियम 2 (घ) में यह विनिर्दिष्ट है कि समान वस्तु का तात्पर्य ऐसी वस्तु से है जो जांचाधीन उत्पाद के हर तरह से समान तथा समनुरूप है अथवा ऐसी किसी वस्तु के अभाव में ऐसी अन्य वस्तु से है जिसमें जांचाधीन उत्पाद से अत्यधिक मिलती-जुलती विशेषताएं हैं ।

9. याचिकाकर्ता ने दावा किया है कि उसके द्वारा उत्पादित वस्तु संबद्ध देश के मूल की या वहां से निर्यातित वस्तु के समान वस्तु है । जांच के बाद प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित पेंटाएरीथ्रिटॉल में संबद्ध देश से आयातित पेंटाएरीथ्रिटॉल के समान विशेषताएं हैं । उपर्युक्त के मद्देनजर प्राधिकारी यह मानते हैं कि घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित पेंटाएरीथ्रिटॉल नियमों के अर्थ के भीतर संबद्ध देश से आयात किए जा रहे पेंटाएरीथ्रिटॉल के समान वस्तु है ।

घ. घरेलू उद्योग

10. यह याचिका मै0 कनोरिया कैमिकल्स एंड इंडस्ट्रीज लि0 ने दायर की है । भारत में दो अन्य कंपनियां हैं जिन्होंने पेंटाएरीथ्रिटॉल की उत्पादन क्षमता सृजित की है जिनके नाम हैं - एशियन पेंट्स (इंडिया) लि0 तथा पर्सटॉप कैमिकल्स इंडिया (प्रा0) लि0 ।

घरेलू उद्योग के विचार

11. याचिकाकर्ता ने यह अनुरोध किया है कि यद्यपि एशियन पेंट्स मुख्यतः आबद्ध खपत के लिए विचाराधीन उत्पाद का उत्पादन करती है तथापि उसने संगत अवधि में भारतीय बाजार में कुछ बिक्री की है । यह अनुरोध किया गया है कि आबद्ध खपत की सीमा तक एशियन पेंट्स के उत्पादन को इस आधार पर शामिल नहीं किया जाना चाहिए कि (i) ऐसी आबद्ध खपत पण्य बाजार में पाटित आयातों से प्रतिस्पर्धा

नहीं करती है और इसलिए यह कंपनी उस सीमा तक पाटन से अप्रभावित है और उसने वर्तमान यचिकाकर्ता के प्रभावित होने की सीमा तक प्रभावित न होने के कारण ही पूर्ववर्ती तथा वर्तमान जांच में सक्रियता से भाग नहीं लिया है और यह भी कि इस विषय पर डब्ल्यू टी ओ के निर्णय में यह उल्लेख नहीं है कि आबद्ध खपत को अलग नहीं रखा जा सकता, इसमें केवल यह उल्लेख है कि यदि "घरेल उद्योग" के आबद्ध तथा पण्य, दोनों प्रकार के बाजार हैं तो क्षति जांच एक प्रकार ही सीमित नहीं रखी जा सकती ।

12. यह भी अनुरोध किया गया है कि पर्सटॉप मुख्यतः संबद्ध वस्तु की आयातक है । यह भी उल्लेख किया गया है कि पर्सटॉप ने पूर्णतः आयात शुरू कर दिए हैं और जांच अवधि में उसने उत्पादन बंद कर दिया है और इसलिए पर्सटॉप को इस आधार पर घरेलू उद्योग नहीं माना जा सकता कि (i) कंपनी स्वयं संबद्ध देशों में से एक देश से प्रमुख आयातक है; (ii) कंपनी स्वीडन स्थित विदेशी उत्पादक से संबद्ध है; (iii) कंपनी ने अपना उत्पादन कम कर दिया और आयातों को बढ़ा दिया है; (iv) कंपनी ने अपने उत्पादन की बिक्री की और उत्पाद का अदल-बदल कर मिश्रित रूप में आयात किया है; (v) मूल जांच में सहयोग के समस्त दावों के बावजूद कंपनी ने प्राधिकारी को क्षति से संगत सूचना प्रदान नहीं की; (vi) कंपनी ने वर्तमान जांच में भी उत्तर नहीं दिया है ।

घ.2 निर्यातकों, आयातकों, उपभोक्ताओं तथा अन्य हितबद्ध पक्षकारों के विचार

13. किसी भी आयातक, उपभोक्ता, निर्यातक तथा अन्य हितबद्ध पक्षकार ने घरेलू उद्योग के आधार के बारे में कोई टिप्पणी या अनुरोध दायर नहीं किया है ।

घ.3 प्राधिकारी द्वारा जांच

14. विभिन्न अनुरोधों की जांच करने के बाद यह नोट किया जाता है कि याचिकाकर्ता के उत्पादन का भारतीय उत्पादन (एशियन पेंट्स की आबद्ध खपत को शामिल करने और शामिल न करने के बाद भी) में एक बड़ा भाग है और इसलिए याचिकाकर्ता को नियमों के अर्थ के भीतर "घरेलू उद्योग" माना गया है । आगे यह नोट किया जाता है कि आवेदक पाटनरोधी नियमावली के नियम 2 (ख) की अपेक्षानुसार घरेलू उद्योग है ।

ड. पाटन मार्जिन

15. नियम 9 क (1)(ग) के अंतर्गत किसी वस्तु के संबंध में सामान्य मूल्य का तात्पर्य है:

(i) व्यापार की सामान्य प्रक्रिया में समान वस्तु की तुलनीय कीमत, जब वह उपधारा (6) के अंतर्गत बनाए गए नियमों के अनुसार यथा निर्धारित निर्यातक देश या क्षेत्र मे खपत के लिए हो, अथवा

(ii) जब निर्यातक देश या क्षेत्र के घरेलू बाजार में व्यापार की सामान्य प्रक्रिया में समान वस्तु की कोई बिक्री न हुई हो अथवा जब निर्यातक देश या क्षेत्र की विशिष्ट बाजारी स्थिति अथवा घरेलू बाजार में कम बिक्री मात्रा के कारण ऐसी बिक्री से उचित तुलना न हो सकती हो तो सामान्य मूल्य इनमें से कोई एक होगा

(क) समान वस्तु की तुलनीय प्रतिनिधिक कीमत जब उसका निर्यात उपधारा (6) के अंतर्गत बनाए गए नियमों के अनुसार यथा निर्धारित निर्यातक देश या क्षेत्र या किसी उचित तीसरे देश से किया गया हो; अथवा

(ख) उपधारा (6) के अंतर्गत बनाए गए नियमों के अनुसार यथा-निर्धारित प्रशासनिक, बिक्री तथा सामान्य लागत या लाभ के लिए उचित अभिवृद्धि के साथ उद्गम के देश में उक्त वस्तु की उत्पादन लागत;

ड.1 सामान्य मूल्य

16. प्राधिकारी नोट करते हैं कि चीनी ताइपेई के निर्यातकों ने कोई उत्तर दायर नहीं किया है । चूंकि उक्त देश के उत्पादक/निर्यातक द्वारा वास्तविक घरेलू बिक्री से संबंधित सूचना, तीसरे देश को हुए निर्यातों अथवा चीनी ताइपेई में उत्पादन लागत से संबंधित सूचना अथवा प्रश्नावली के अनुसार अन्य सूचना प्रस्तुत नहीं की गई है, इसलिए प्राधिकारी ने सामान्य मूल्य के निर्धारण हेतु सर्वोत्तम उपलब्ध सूचना पर भरोसा किया है । याचिकाकर्ता ने आई सी आई एस- एल ओ आर में प्रकाशित मेथानॉल की कीमत के आधार पर चीनी ताइपेई में सामान्य मूल्य के ब्यौरे और चीनी ताइपेई में उत्पादन लागत के अनुमान प्रस्तुत किए हैं । निर्यातकों की ओर से निर्धारित प्रपत्र में और ढंग से किसी उत्तर के अभाव में प्राधिकारी ने उपर्युक्त नियम 6(8) के अनुसार उत्पादन लागत का अनुमान लगाते हुए किए गए परिकलन के आधार पर चीनी ताइपेई में सामान्य मूल्य निर्धारित किया है । चीनी ताइपेई के लिए इस प्रकार से निर्धारित सामान्य मूल्य 1,440 अम.डॉ. प्रति मी.टन है । सामान्यमूल्य का परिकलन कच्ची सामग्री अर्थात मेथानॉल की आई सी आई एस - एल ओ आर (यूरोप) कीमतें, कच्ची सामग्री के लिए सर्वोत्तम खपत कारकों और संगत अवधि के दौरान परिवर्तन लागत के सर्वोत्तम ज्ञात अनुमानों को अपनाकर किया गया है । परिकलित सामान्य मूल्य निकालने के लिए बिक्री, सामान्य एवं प्रशासनिक लागत तथा उचित लाभ मार्जिन को इस प्रकार निर्धारित उत्पादन लागत में जोड़ा गया है ।

ड.2 निर्यात कीमत

17. प्राधिकारी ने आयातों के संबंध में आई बी आई एस के सौदेवार आंकड़ों पर विचार किया है । आई बी आई एस के आयात आंकड़ों को इस वजह से अपनाया गया है क्योंकि डी जी सी आई एंड एस द्वारा प्रदत्त सूचना में डाई-पेंटा भी शामिल है जो विचाराधीन उत्पाद के दायरे में नहीं है, जबकि आई बी आई एस में मद विवरण के आधार पर सूचना दी गई है जिससे विचाराधीन उत्पाद की पहचान की जा सकती है ।

इसके अलावा, यह भी नोट किया जाता है कि आई बी आई एस की सूचना में प्रदर्शित मात्रा डी जी सी आई एंड एस से अधिक है । वस्तुतः पेंटाएरीथ्रिटॉल के लिए नियत न किए गए वर्गीकरणों के अंतर्गत भी पर्याप्त आयात सूचित किए गए हैं । प्राधिकारी नोट करते हैं कि आई बी आई एस की सूचना में चीनी ताइपेई से पेंटाएरीथ्रिटॉल के 2,786 मी.टन. के आयात दर्शाए गए हैं । निर्यात कीमत आई बी आई एस द्वारा प्रदत्त सौदे वार सूचना से ली गई है । समुद्री भाड़े, विदेशी बीमा, अंतर्देशीय भाड़े, पत्तन व्यय, बैंक प्रभारों के लिए समायोजन करने के बाद कारखाना निर्यात कीमत की गणना 946 अम.डा. प्रति मी.टन की गई है ।

ड.3 पाटन मार्जिन

18. सीमाशुल्क टैरिफ अधिनियम तथा पाटनरोधी नियमावली में यथानिर्धारित सामान्य मूल्य, नियात कीमत तथा पाटन मार्जिन के निर्धारण को शासित करने वाले सिद्धांतों का उल्लेख नियमावली के अनुबंध-I में किया गया है । पाटन मार्जिन की गणना निर्यात कीमत के साथ सामान्य मूल्य की तुलना के आधार पर की गई है । ताईवान से संबद्ध वस्तु के निर्यातों के लिए पाटन मार्जिन 494.18 अम.डा. प्रति मी.टन निर्धारित किया जाता है ।

पाटन मार्जिन की गणना

	प्रति मी.टन
सामान्य मूल्य (अम.डा.)	****
निर्यात कीमत (अम.डा.)	****
पाटन मार्जिन (अम.डा.)	****
पाटन मार्जिन %	50-55
आयात मात्रा (मी.टन)	2.786

परिवर्तित परिस्थितियों का स्थायी स्वरूप और पाटन की संभावना

19. घरेलू उद्योग ने यह कहते हुए पाटनरोधी करार का अनुच्छेद 11.2 और पाटनरोधी नियमावली का नियम 23 उद्धत किया है कि मध्यावधि समीक्षा की शुरूआत सही है क्योंकि उन्होंने समीक्षा की जरूरत की पुष्टि करते हुए सकारात्मक सूचना प्रस्तुत की है यद्यपि उनका मत है कि ऐसी किसी अपेक्षा की परिकल्पना नियम 23 में नहीं की गई है ।

20. प्राधिकारी की पद्धति के अनुसार इस बात की जांच की गई थी कि क्या परिवर्तित परिस्थितियों को स्थायी स्वरूप की कहा जा सकता है अथवा क्या पाटनरोधी शुल्क की राशि बढ़ाए न जाने की स्थिति में संवर्धित पाटन की संभावना होगी । जांच के बाद यह पाया गया था कि घरेलू उद्योग को पाटनरोधी शुल्क लागू होने के बावजूद संबद्ध देश से पाटित आयातों के कारण क्षति हो रही है । इसके अलावा, यह नोट किया जाता है कि जांच अवधि के दौरान चीनी ताइपेई से संबद्ध वस्तु के पाटित आयात काफी अधिक

बने रहे और क्षति अवधि के दौरान आयात की मात्रा काफी अधिक रही । यह भी अनुरोध किया गया है कि जांच अवधि के दौरान निर्यातकों ने भारत से इतर देशों को संबद्ध वस्तु का काफी अधिक निर्यात किया है । उपर्युक्त के मद्देनजर यह नोट किया जाता है कि परिवर्तित परिस्थितियां स्थायी स्वरूप की हैं और वर्तमान जांच के आधार पर शुल्क की राशि में परिवर्तन करने की जरूरत है ।

च. क्षति जांच की कार्य प्रणाली और क्षति तथा कारणात्मक संबंध की जांच

च.1 घरेलू उद्योग के विचार

21. घरेलू उद्योग ने निम्नानुसार अनुरोध किया है:-

i. पाटनरोधी शुल्क लागू होने के बावजूद पाटित कीमत पर पर्याप्त मात्रा विद्यमान है ।

ii. क्षति पहुँचाने वाले पाटन की रोकथाम करने के लिए मौजूदा उपाय अब काफी नहीं है ।

iii. संबद्ध देश से निर्यात कीमत अत्यधिक पाटित स्तर पर है ।

iv. पाटित आयातों पर पाटनरोधी शुल्क लगाए जाने के बाद घरेलू उद्योग के उत्पादन, बिक्री तथा क्षमता उपयोग में कुछ सुधार हुआ है । तथापि, लाभ/हानि में वर्ष 2007-08 तक सुधार प्रदर्शित हुआ और उसके बाद वर्ष 2008-09 में इतनी अधिक गिरावट आनी शुरू हुई कि जांच अवधि में घाट़ा उठाना पड़ा । कर एवं ब्याज पूर्व लाभ, नकद लाभ, निवेश पर आय सभी में यही प्रवृत्ति प्रदर्शित हुई है ।

v. संबद्ध वस्तु के आयातों के कारण बाजार में घरेलू उद्योग की कीमत में अत्यधिक कटौती हो रही है ।

vi. संबद्ध देश से हुए आयातों के कारण घरेलू उद्योग जांच अवधि के दौरान अपनी कीमतें तेजी से घटाने के लिए बाध्य हुआ । अतः इस अवधि के दौरान कीमत ह्रास हो रहा था ।

vii. घरेलू उद्योग के रोजगार के स्तर में कोई खास परिवर्तन नहीं हुआ है ।

viii. घरेलू उद्योग की मालसूची में गिरावट आई और जांच अवधि में वृद्धि हुई ।

ix. कीमत मापदण्डों अर्थात नकद प्रवाह, लाभ, निवेश पर आय आदि तथा बाजार हिस्से के संबंध में घरेलू उद्योग ने नकारात्मक वृद्धि दर्ज की है । कुल मिलाकर घरेलू उद्योग की वृद्धि नकारात्मक रही थी ।

x. संबद्ध देश में संबद्ध वस्तु की विशाल उत्पादन क्षमताओं और उनके निर्यातोन्मुखीकरण या भारत में संबद्ध वस्तु की बढ़ती हुई माँग पर विचार करते हुए घरेलू उद्योग को क्षति पहुँचाने वाले पाटित आयातों में वृद्धि पर अंकुश लगाने के लिए पाटनरोधी शुल्क की राशि की समीक्षा करना और उसमें वृद्धि करना आवश्यक है ।

xi. पाटनरोधी शुल्क की राशि में वृद्धि न किए जाने की स्थिति में घरेलू उद्योग के समक्ष संबद्ध देशों से आयातों का और बड़ा खतरा उत्पन्न हो जाएगा ।

xii. प्रकटन विवरण के उत्तर में घरेलू उद्योग ने अपने सभी अनुरोध दोहराए हैं और प्राधिकारी से नियत आधार पर भारतीय रूपए में शुल्क लगाने का अनुरोध किया है ।

22. घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है कि घरेलू उद्योग से संबंधित विभिन्न मापदण्ड सामूहिक और संचयी रूप से यह सिद्ध करते हैं कि घरेलू उद्योग को वास्तविक क्षति हुई है ।

च.2 निर्यातकों, आयातकों और अन्य हितबद्ध पक्षकारों के विचार

23. किसी भी निर्यातक, आयातक और अन्य हितबद्ध पक्षकार ने इस संबंध में कोई मुद्दा नहीं उठाया है ।

च.3 प्राधिकारी द्वारा जांच

24. प्राधिकारी ने आई बी आई एस के आंकड़ों के अनुसार आयात आंकड़ों पर विचार किया है क्योंकि आई बी आई एस द्वारा प्रकाशित मात्रा डी जी सी आई एंड एस के आंकड़ों से अधिक है । परवर्ती पैराग्राफों में प्राधिकारी ने क्षति मापदण्डों को नियमानुसार विश्लेषण किया है । हितबद्ध पक्षकारों द्वारा गोपनीय आधार पर प्रदत्त सूचना की जांच गोपनीयता के दावे की पर्याप्तता के संबंध में की गई थी । संतुष्ट होने के बाद प्राधिकारी ने अपेक्षानुसार गोपनीयता प्रदान की है और ऐसी सूचना गोपनीय मानी गई है जिसका प्रकटन अन्य हितबद्ध पक्षकारों को नहीं किया गया है । जहां संभव हुआ है, गोपनीय आधार पर सूचना प्रदाता पक्षकारों को निर्देश दिया गया था कि वे गोपनीय आधार पर दायर सूचना का पर्याप्त अगोपनीय रूपान्तरण उपलब्ध कराएं ।

पाटित आयातों का मात्रात्मक प्रभाव

25. जहां तक पाटित आयातों की मात्रा का संबंध है, प्राधिकारी के लिए इस बात पर विचार करना अपेक्षित है कि क्या पाटित आयातों में समग्र रूप में अथवा भारत में उत्पादन या खपत की तुलना में अत्यधिक वृद्धि हुई है । पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध - II (ii) में निम्नानुसार प्रावधान है:-

> "पाटित आयातों की मात्रा की जांच करते समय उक्त प्राधिकारी इस बात पर विचार करेगा कि क्या पाटित आयातों में समग्र रूप में अथवा भारत में उत्पादन या खपत की तुलना में अत्यधिक वृद्धि हुई है ।"

मांग का निर्धारण और बाजार हिस्सा

26. निर्दिष्ट प्राधिकारी ने एशियन पेंट्स की आबद्ध खपत को शामिल करने और शामिल न करने, दोनों बातों पर विचार करने के बाद मांग का निर्धारण घरेल उद्योग की बिक्री मात्रा, भारतीय उत्पादकों की बिक्री और समस्त स्रोतों से भारत में संबद्ध वस्तु के आयातों की मात्रा के रूप में किया है । इस प्रकार निर्धारित मांग निम्नलिखित तालिका में दर्शाई गई है । यह देखा जा सकेगा कि मंदी के प्रभाव के कारण वर्ष 2008-09 में आई गिरावट के बाद जांच अवधि में देश में उत्पाद की मांग में वृद्धि हुई है ।

इकाईः मी. टन

	2006-07	2007-08	2008-09	जांच अवधि (जन.-दिस,09)
मांग- मी. टन (आबद्ध उपयोग को छोड़कर)				
घरेलू उद्योग की बिक्रियाँ	5,750	6,117	5,401	6,384
अन्य भारतीय उत्पादकों की बिक्रियाँ	7,479	8,342	5,092	2,125
ताईवान से आयात-मध्यावधि समीक्षा	260	1,252	247	2,786
संबद्ध देश से आयात-निर्णायक समीक्षा	1,296	1,588	2,496	1,316
संबद्ध देशों से आयात-नई जांच	256	2,900	3,575	6,980
अन्य देशों से आयात	1,428	1,136	378	583
कुल मांग	**16,469**	**21,335**	**17,189**	**20,175**
प्रवृति	*100*	*130*	*104*	*122*

मांग- मी. टन (आबद्ध उपयोग को छोड़कर)	2006-07	2007-08	2008-09	जांच अवधि (जन.-दिस,09)
घरेलू उद्योग की बिक्रियाँ	5,750	6,117	5,401	6,384
अन्य भारतीय उत्पादकों की बिक्रियाँ	10,230	11,219	7,467	5,125
ताईवान से आयात-मध्यावधि समीक्षा	260	1,252	247	2,786
संबद्ध देश से आयात-निर्णायक समीक्षा	1,296	1,588	2,496	1,316
संबद्ध देशों से आयात-नई जांच	256	2,900	3,575	6,980
अन्य देशों से आयात	1,428	1,136	378	583
कुल मांग	**19,220**	**24,212**	**19,564**	**23,175**
प्रवृति	*100*	*126*	*102*	*121*

आबद्ध को छोड़कर मांग में बाजार हिस्सा (%)	2006-07	2007-08	2008-09	जांच अवधि (जन.-दिस,09)
घरेलू उद्योग	34.92	28.67	31.42	31.64
अन्य भारतीय उत्पादक	45.41	39.10	29.62	10.53
ताईवान से आयात-मध्यावधि समीक्षा	1.58	5.87	1.44	13.81
संबद्ध देशों से आयात-निर्यातक समीक्षा	7.87	7.44	14.52	6.53
संबद्ध देशों से आयात-नई जांच	1.55	13.59	20.80	34.60
अन्य देशों से आयात	8.67	5.32	2.20	2.89
आबद्ध को छोड़कर मांग में बाजार हिस्सा (%)	2006-07	2007-08	2008-09	जांच अवधि (जन.-दिस,09)
घरेलू उद्योग	29.92	25.26	27.61	27.55
अन्य भारतीय उत्पादक	53.22	46.34	38.17	22.11
ताईवान से आयात-मध्यावधि समीक्षा	1.35	5.17	1.26	12.02
संबद्ध देशों से आयात-निर्यातक समीक्षा	6.74	6.56	12.76	5.68
संबद्ध देशों से आयात-नई जांच	1.33	11.98	18.27	30.12
अन्य देशों से आयात	7.43	4.69	1.93	2.52

27. प्राधिकारी नोट करते हैं कि क्षति जांच अवधि के दौरान संबद्ध देशों से आयातों में अत्यधिक वृद्धि हुई है । वर्ष 2008-09 में घरेलू उद्योग की बिक्री में अत्यधिक गिरावट आई थी, जो वैश्विक मंदी के कारण थी । तत्पश्चात जांच अवधि के दौरान इसमें वृद्धि हुई है । तथापि, क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग के बाजार हिस्से में गिरावट आई थी; जबकि जांच अवधि के दौरान संबद्ध देश के बाजार हिस्से में वृद्धि हुई थी ।

2295 GI/11-4

कीमत प्रभाव

28. कीमतों पर पाटित आयातों के प्रभाव के संबंध में, नियमों के अनुबंध-II (ii) में निम्नानुसार प्रावधान किया गया है :-

"जैसाकि नियम 18 के उप-नियम (2) में उल्लेख किया गया है मूल्यों पर पाटित आयातों के प्रभाव पर विचार करते समय निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा इस बात की जांच करनी आवश्यक समझी जाती है कि क्या भारत में समान वस्तु के मूल्य की तुलना में पाटित आयातों से मूल्यों में पर्याप्त गिरावट आई है अथवा क्या अन्यथा ऐसे आयातों का उद्देश्य मूल्यों को काफी हद तक कम करना है अथवा ऐसी मूल्यवृद्धि को रोकना है जो अन्यथा काफी हद तक बढ़ गयी होती ।"

29. एक समीक्षा जांच में इस बात की जांच करना अपेक्षित होता है कि क्या भारत में समान उत्पाद की कीमत की तुलना में पाटित आयातों की कीमतों का अत्यधिक प्रभाव पड़ता है अथवा क्या शुल्क में वृद्धि न किए जाने की स्थिति में कीमत प्रभाव की पुनरावृति होने की संभावना होती है ।

	इकाई	2006-07	2007-08	2008-09	जांच की अवधि (जन-दिस,09)
पहुँच मूल्य-पाटनरोधी शुल्क के बिना	रूपए/मी.टन	88,327	83,324	57,715	55,353
सूचीबद्ध	प्रवृति	*100*	*94*	*65*	*63*
पहुँच मूल्य-पाटनरोधी शुल्क सहित	रूपए/मी.टन	97,547	92,544	66,935	64,573
सूचीबद्ध	प्रवृति	*100*	*95*	*69*	*66*
निवल बिक्री वसूली	रूपए/मी.टन	70,273	80,588	84,166	67,473
सूचीबद्ध	प्रवृति	*100*	*115*	*120*	*96*
कीमत कटौती-पाटनरोधी शुल्क के बिना	रूपए/मी.टन	(18,054)	(2,736)	26,451	12,120
सूचीबद्ध	प्रवृति	*(100)*	*(15)*	*147*	*67*
कीमत कटौती-पाटनरोधी शुल्क सहित	रूपए/मी.टन	-27,274	-11,956	17,231	2,900
सूचीबद्ध	प्रवृति	*(100)*	*(44)*	*63*	*11*
कीमत कटौती-पाटनरोधी शुल्क के बिना	%	-26	-3	31	18
प्रवृति	प्रवृति	*(100)*	*(13)*	*122*	*70*
कीमत कटौती-पाटनरोधी शुल्क सहित	%	(38.81)	(14.84)	20.47	4.30
कीमत कटौती-पाटनरोधी शुल्क सहित	प्रवृति	*(100)*	*(38)*	*53*	*11*
क्षति रहित कीमत अमरीकी डॉलर					*1697.14*
कम कीमत पर बिक्री %					*565.26*

30. प्राधिकारी नोट करते हैं कि वर्तमान पाटनरोधी शुल्क के जारी रहते हुए भी घरेलू उद्योग में वस्तुओं पर कीमत कटौती तथा कम कीमत पर उनकी बिक्री जारी है ।

31. इस तथ्य पर विचार करते हुए कि प्राधिकारी द्वारा पाटनरोधी शुल्क को लगातार जारी रखे जाने के औचित्य की निगरानी की जानी अपेक्षित है तथा इस बात को ध्यान में रखते हुए कि किसी भी निर्यातक ने आंकड़े उपलब्ध नहीं कराए हैं, प्राधिकारी इस निष्कर्ष पर पहुँचे है कि नीचे दी गई तालिका के अनुसार शुल्क संघटक के निर्धारण हेतु पाटन मार्जिन के साथ तुलना के प्रयोजनार्थ क्षति मार्जिनों का पुनः मूल्यांकन किया जाना आवश्यक है:-

	इकाई	
एनआईपी	रू./मी.टन	82678
पहुँच लागत	रू./मी.टन	55,228
क्षति मार्जिन	भारतीय रूपए	27450
क्षति मार्जिन अम.डॉलर में	अम0 डॉलर	561.31
क्षति मार्जिन, एनआईपी के प्रतिशत के रूप में		33.20

32. इसके अलावा संबद्ध देश से कोई उत्तर प्राप्त नहीं होने के कारण, प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग पर मात्रात्मक एवं कीमत प्रभाव तथा परिणामी प्रभाव का आकलन करने के लिए आईबीआईएस के सौदेवार आंकड़ों पर विश्वास किया है ।

33. कीमत अवमूल्यन तथा ह्रास

विनिर्दिष्टयां	इकाई	2006-07	2007-08	2008-09	जांच अवधि (जनवरी-दिसम्बर 09)
बिक्री की लागत	रू./मी.टन	70,308	66,193	75,934	70,793
आधार वर्ष की तुलना में अंतर	सूचीबद्ध	100	94	108	101
निवल बिक्री वसूली	रू./मी.टन	70,273	80,588	84,166	67,473
आधार वर्ष की तुलना में अंतर	सूचीबद्ध	100	115	120	96

34. घरेलू उद्योग की लागत एवं कीमत संरचना तथा संबद्ध देश से आयातों के पहुँच मूल्य से यह प्रदर्शित होता है कि आधार वर्ष की तुलना में लागत में लगभग ***% की वृद्धि हुई है जबकि कीमतों में 4% तक की गिरावट आई है । जिस कीमत पर भारतीय उत्पादकों द्वारा सामग्री की बिक्री की जा रही है उससे निवेश पर समुचित आय प्राप्त नहीं होती है और वह घरेलू उद्योग की क्षति रहित कीमत से कम है । यह नोट किया गया है कि यद्यपि जांच अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की कीमतों में अत्यधिक गिरावट (2800 रूपए प्रति मी. टन) आई है, तथापि समग्र क्षति अवधि के दौरान उत्पादन की लागत में मामूली वृद्धि (486 रूपए प्रति मी. टन) हुई है । अतः प्राधिकारी इस निष्कर्ष पर पहुँचे हैं कि इस प्रकार बाजार में आयातों के कारण कीमत ह्रास हो रहा है ।

घरेलू उद्योग से संबंधित अन्य आर्थिक मानदण्ड

35. नियमों के अनुबंध-II के अनुसार क्षति के निर्धारण में संबद्ध वस्तुओं के घरेलू उत्पादकों पर इन आयातों के परिणामी प्रभाव की वास्तविक जांच शामिल होगी । इसके अलावा नियमों के अनुबंध-II (iv) में निम्नानुसार निर्धारित किया गया है:-

'संबंधित घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों के प्रभाव की जांच में सभी संबद्ध आर्थिक कारकों का एक मूल्यांकन करना और उद्योग की स्थिति को प्रभावित करने वाले संकेतकों का मूल्यांकन करना शामिल होगा,, इसमें बिक्री, लाभ, उत्पादन, बाजार हिस्सा, उत्पादकता, निवेश पर प्राप्ति या क्षमता का उपयोग: घरेलू कीमतों को प्रभावित करने वाले कारक, पाटन मार्जिन की मात्रा: नकद प्रवाह, सामान, रोजगार, मजदूरी वृद्धि पूंजीगत निवेश को बढ़ाने की क्षमता पर वास्तविक और संभावित नकारात्मक प्रभाव शामिल हैं ।

वास्तविक एवं संभावित उत्पादन, क्षमता तथा उपयोग, बिक्री

36. घरेलू उद्योग की क्षमता, उत्पादन, क्षमता उपयोग तथा बिक्री मात्रा से संबंधित सूचना निम्नानुसार है :-

विनिर्दिष्टियां	इकाई	2006-07	2007-08	2008-09	जांच अवधि (जन-दिसम्बर,209)
संस्थापित क्षमता	मी.टन	6,000	6,000	6,000	6,000
प्रवृति	*सूचीबद्ध*	*100*	*100*	*100*	*100*
उत्पादन	मी.टन	6,267	6,284	6,175	6,379
प्रवृति	*सूचीबद्ध*	100	100	99	102
क्षमता उपयोग	%	104.44	104.74	102.91	106.32
प्रवृति	*सूचीबद्ध*	*100*	*100*	*99*	*102*
घरेलू बिक्रिया	मी.टन	5,750	6,117	5,401	6,384
प्रवृति	*सूचीबद्ध*	*100*	*106*	*94*	*111*
आबद्ध खपत सहित मांग	मी.टन	19,220	24,212	19,564	23,175
प्रवृति	*सूचीबद्ध*	*100*	*126*	*102*	*121*

37. यह नोट किया गया है कि घरेलू उद्योग के उत्पादन, बिक्री तथा क्षमता उपयोग में क्षति अवधि के दौरान सुधार प्रदर्शित हुआ था ।

लाभ, निवेश पर आय तथा नकद प्रवाह

38. घरेलू उद्योग के लाभ, निवेश पर आय तथा नकद प्रवाह की निम्नानुसार जांच की गई है:-

विनिर्दिष्टयां	इकाई	2006-07	2007-08	2008-09	जांच अवधि (जन-दिस,09)
कर पर्वू लाभ	रू./लाख	18.69	902.82	457.02	(135.27)
प्रवृति	सूचीबद्ध	*100*	*4,831*	*2,445*	*(724)*
ब्याज एवं कर पूर्व लाभ	रू./लाख	96.00	989.86	530.75	(139.47)
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	1,031	553	(145)
नियोजित पूंजी पर आय (एनएफए आधार पर)	%	3.92	37.27	18.99	(3.08)
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	950	484	(78)
नकद लाभ	रू./लाख	94.43	988.50	540.02	(41.16)
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	1,047	572	(44)

39. उपर्युक्त आंकड़ों से यह प्रदर्शित होता है कि पाटित स्रोतों से होने वाले आयातों पर लगाए गए पाटनरोधी शुल्क के परिणामस्वरूप वर्ष 2007-08 तथा 2008-09 में लाभप्रदता में सुधार हुआ था । तथापि जांच अवधि के दौरान स्थिति में अत्यधिक खराब हो गई । नकद प्रवाह तथा निवेश पर आय के संबंध में भी यही प्रवृति देखने को मिलती है । प्राधिकारी इस निष्कर्ष पर पहुँचे है कि यद्यपि घरेलू उद्योग की लाभप्रदता में काफी सुधार हुआ था तथापि जांच अवधि के दौरान उसमें गिरावट आई है और वह अपनी पूर्व स्थिति में वापस आने में सफल नहीं रहा है ।

रोजगार तथा वेतन

40. यह नोट किया गया है कि घरेलू उद्योग एक बहु-उत्पाद बहु-स्थानी कम्पनी है; अतः घरेलू उद्योग के रोजगार स्तरों पर पाटन का प्रत्यक्ष प्रभाव पड़ने की संभावना नहीं है । घरेलू उद्योग के रोजगार तथा वेतन के स्तरों की स्थिति निम्नानुसार है:-

विनिर्दिष्टियाँ	इकाई	2006-07	2007-08	2008-09	जांच अवधि (जन-दिस,09)
रोजगार (जनशक्ति)	संख्या	59	64	66	67
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	108	112	114
वेतन	रू./लाख	232.13	269.56	296.09	324.79
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	116	128	140

41. उपर्युक्त बातों के आधार पर प्राधिकारी इस निष्कर्ष पर पहुंचे है कि घरेलू उद्योग का रोजगार स्तर लगभग स्थिर रहा है जबकि वेतन के स्तर में सकारात्मक प्रवृति प्रदर्शित हुई है ।

उत्पादकता में वास्तविक एवं संभावित गिरावट

42. घरेलू उद्योग की उत्पादकता संबंधी आंकड़े निम्नानुसार है :-

विनिर्दिष्टयां	इकाई	2006-07	2007-08	2008-09	जांच अवधि (जन-दिसम्बर.09)
उत्पादकता प्रति कर्मचारी	मी.टन	106	98	94	95
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	92	88	90
उत्पादकता प्रति दिन	मी.टन	17.41	17.46	17.15	17.72
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	100	99	102

43. उपर्युक्त तालिका के आधार पर प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग की उत्पादकता में वर्ष 2007-08 तथा 2008-09 के दौरान गिरावट आई थी, परंतु जांच अवधि में इसमें सुधार आया है । तथापि, जांच अवधि में प्रति कर्मचारी उत्पादकता का स्तर यद्यपि 2008-09 की तुलना में बेहतर था, परंतु यह वर्ष 2006-07 में उत्पादकता के स्तर से कम था ।

वस्तुसूचियां

44. निर्दिष्ट प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग की वस्तुसूची के स्तर की जांच की है, जो नीचे दी गई तालिका में दर्शाया गया है :-

विनिर्दिष्टयां	इकाई	2006-07	2007-08	2008-09	जांच अवधि (जन-दिस,09)
औसत स्टॉक	मी.टन	627	150	246	521
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	24	39	83
बिक्री, दिनों की संख्या के संदर्भ में औसत स्टॉक	दिनों की संख्या	39	9	16	29
प्रवृति	सूचीबद्ध	*100*	*23*	*42*	*75*

45. उपर्युक्त के आधार पर यह नोट किया गया है कि वर्ष 2007-08 में घरेलू उद्योग के वस्तुसूची स्तरों में गिरावट आई थी तथा वर्ष 2008-09 तथा जांच की अवधि में उसमें वृद्धि हुई थी । वस्तुतः घरेलू उद्योग के वस्तुसूची स्तर उल्लेखनीय बने रहे । घरेलू उद्योग द्वारा यह निवेदन किया गया है कि वस्तुसूची के विशाल स्टॉक को बनाए रखने में समर्थ नहीं है और उन्हें बाजार में किसी भी मूल्य पर उत्पाद को बेच कर उनका निपटान करना होगा ।

घरेलू कीमतों को प्रभावित करने वाले कारक

46. मूल्यों पर पाटित आयातों के प्रभाव पर विचार करते समय निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा इस बात की जांच करनी आवश्यक समझी जाती है कि क्या भारत में समान वस्तु के मूल्य की तुलना में पाटित आयातों से मूल्यों में पर्याप्त गिरावट आई है अथवा क्या अन्यथा ऐसे आयातों का उद्देश्य मूल्यों को काफी हद तक कम करना है अथवा ऐसी मूल्य वृद्धि को रोकना है जो अन्यथा काफी हद तक बढ़ गयी होती । घरेलू बाजार पर आयातों के प्रभाव का मूल्यांकन करने के लिए निर्दिष्ट प्राधिकारी ने क्षति अवधि के दौरान

आयात कीमतों का आकलन किया है तथा यह पाया है कि जांच अवधि में संबंध देश से प्रति मी. टन आयात का पहुंच मूल्य निवल बिक्री कीमत तथा क्षति रहित कीमत से कम है । घरेलू उद्योग तथा प्रतिस्पर्धी कीमत से कम है । घरेलू उद्योग तथा प्रतिस्पर्धी प्रतिस्थापनीय उत्पादों की कीमतों में प्रतिस्पर्धा के कारण लागत संरचना में अंतर, यदि कोई हो, की जांच की गई है ताकि पाटित आयातों से इतर ऐसे कारकों का विश्लेषण किया जा सके जो घरेलू बाजार की कीमतों को प्रभावित कर सकते हैं । प्राधिकारी का निष्कर्ष है कि इस उत्पाद का कोई व्यवहार्य अनुकल्प नहीं है तथा कीमतें पाटित कीमतों के कारण प्रभावित हुईं थी ।

47. निर्दिष्ट प्राधिकारी ने करों एवं शुल्कों, रिबेट छूट भाड़ा तथा परिवहन को छोड़कर पर बिक्री कीमत पर विचार करके घरेलू उद्योग की निवल बिक्री वसूली का निर्धारण किया है । 1% पहुँच प्रभारों तथा लागू मूल सीमाशुल्क के साथ भारित औसत सीआईएफ आयात कीमतों पर विचार करके आयात की पहुँच कीमत का निर्धारण किया गया है । इसके अलावा लागू पाटनरोधी शुल्क को शामिल करने के बाद निर्धारित पहुँच कीमत की तुलना घरेलू उद्योग की निवल बिक्री वसूली के साथ की गई है । प्राधिकारी का निष्कर्ष है कि लागू पाटनरोधी शुल्क को जोड़ने के बाद भी जांच अवधि के दौरान संबद्ध वस्तुओं के लिए घरेलू उद्योग की निवल बिक्री वसूली, संबद्ध देश से आयातों के पहुँच मूल्य से कम है जिससे घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत में कमी होती है । पाटनरोधी शुल्क के बिना कीमत कटौती का मार्जिन 15-25% था जबकि पाटनरोधी शुल्क के साथ 4-10% था ।

48. कम कीमत पर बिक्री, क्षति के आकलन का महत्वपूर्ण संकेतक है; अतः प्राधिकारी ने कम कीमत पर बिक्री की सीमा का निर्धारण करने के लिए एक क्षति रहित कीमत का निर्धारण किया है और उसकी तुलना पहुँच मूल्य के साथ की है । जांच अवधि के दौरान विचाराधीन उत्पाद की उत्पादन लागत पर समुचित रूप से विचार करके घरेलू उत्पादक के लिए क्षति रहित कीमत का निर्धारण किया गया है । यह नोट किया गया है कि जांच अवधि के दौरान प्रति मी. टन आयात का पहुँच मूल्य, संबद्ध देश के संबंध में जांच अवधि के दौरान घरेलू उद्योग के लिए निर्धारित क्षति रहित कीमत से कम है । कम कीमत पर बिक्री का मार्जिन अत्यधिक है ।

वृद्धि

49. घरेलू उद्योग के विभिन्न आर्थिक मानदण्डों की जांच करने के पश्चात प्राधिकारी नोट करते हैं कि यद्यपि उत्पादन तथा बिक्री जैसे मात्रात्मक मानदण्डों में सुधार प्रदर्शित हुआ है; घरेलू उद्योग के विभिन्न कीमत मानदण्डों में नकारात्मक प्रवृति प्रदर्शित हुई है जो पाटनरोधी शुल्क के जारी रहने के बावजूद है । परिणामस्वरूप प्राधिकारी का निष्कर्ष है कि घरेलू उद्योग की वृद्धि नकारात्मक बनी रही ।

पूंजी जुटाने की क्षमता

50. घरेलू उद्योग एक बहु-उत्पाद कम्पनी है । आगे और निवेश करने की उनकी क्षमता इस मामले में एक महत्वपूर्ण कारक नहीं है । तथापि यद्यपि मौजूदा स्रोत से पाटन जारी रहता है तो पूंजी जुटाने की घरेलू उद्योग की क्षमता को गहरी क्षति पहुँचेगी ।

अन्य ज्ञात कारक

51. जांच अवधि के दौरान, वर्तमान जांच के संबद्ध देश तथा ऐसे अन्य देशों से आयात किए गए है जिनके खिलाफ जांच चल रही है । इन देशों से इतर देशों से किए जाने वाले आयातों की कीमत तुलनात्मक रूप से नग्नय है ।

मांग में कमी तथा/अथवा खपत की पद्धति में परिवर्तन

विनिर्दिष्टियाँ	इकाई	2006-07	2007-08	2008-09	जांच की अवधि (जन-दिस., 09)
आबद्ध को छोड़कर कुल मांग	मी.टन	16,469	21,335	17,189	20,175
प्रवृति	*सूचीबद्ध*	*100*	*130*	*104*	*122*
आबद्ध सहित कुल मांग	मी.टन	19,220	24,212	19,564	23,175

52. आंकड़ों से यह प्रदर्शित होता है कि विचाराधीन उत्पाद की मांग में वर्ष 2008-09 में गिरावट आई थी तथा जांच अवधि के दौरान मांग में वृद्धि हुई थी । मांग में गिरावट को घरेलू उद्योग को प्रभावित करने वाला कारक नहीं माना जा सकता है । क्षति अवधि के दौरान संबद्ध वस्तुओं की समग्र मांग में महत्वपूर्ण सकारात्मक वृद्धि प्रदर्शित हुई है । यह भी नोट किया गया है कि खपत की पद्धति में कोई उल्लेखनीय परिवर्तन प्राधिकारी की जानकारी में नहीं आया है । किसी अन्य हितबद्ध पक्षकार ने भी इस संबंध में कोई निवेदन प्रस्तुत नहीं किया है ।

विदेशी तथा घरेलू उत्पादकों की व्यापार प्रतिबंधात्मक पद्धतियां तथा उनके बीच प्रतिस्पर्धा

53. संबद्ध वस्तुएं मुक्त रूप से आयात योग्य है तथा घरेलू बाजार में कोई व्यापार प्रतिबंधात्मक पद्धतिय मौजूद नहीं है । घरेलू उद्योग एक दूसरे के साथ और साथ ही संबद्ध वस्तुओं की पहुँच कीमत के साथ प्रतिस्पर्धा करते हैं । घरेलू उद्योग की कीमत का निर्धारण संबद्ध वस्तुओं की पहुँच कीमत के आधार पर किया जाता है । इसके अलावा भारतीय बाजार में अन्य स्रोतों से काफी मात्रा में आयात किया जाता है ।

प्रौद्योगिकी का विकास तथा निर्यात निष्पादन

54. यह नोट किया गया है कि जांच से यह प्रदर्शित नहीं होता है कि प्रौद्योगिकी में किसी महत्वपूर्ण परिवर्तन से घरेलू उद्योग को क्षति पहुंची है ।

घरेलू उद्योग द्वारा निर्यात

55. जांच अवधि के दौरान घरेलू उद्योग का निर्यात केवल 140 मी. टन रहा था और वह उनके उत्पादन का लगभग 2% है । इसके अलावा, वर्तमान क्षति आकलन के प्रयोजनार्थ प्राधिकारी द्वारा घरेलू एवं निर्यात बाजार को अलग-अलग किया गया है । अतः निर्यातों से उसके समग्र निष्पादन के प्रभावित होने की संभावना नहीं है ।

क्षति की मात्रा एवं क्षति मार्जिन

56. क्षति मार्जिन के निर्धारण हेतु संबद्ध वस्तुओं की क्षति रहित कीमत की तुलना संबद्ध देश से संबद्ध वस्तुओं के निर्यातों के पहुँच मूल्य से की गई है । क्षति मार्जिन का निर्धारण निम्नानुसार किया गया है:-

जाँच अवधि (जन-दिसम्बर,2009)	चीनी ताइपेई से पेंटाराइथ्रिटॉल
सभी उत्पादक एवं निर्यातक	कीमत (अम.डॉलर) प्रति मी. टन
पहुँच मूल्य (अम.डॉलर प्रति मी. टन)	1129.31
क्षति रहित कीमत (अम.डॉलर प्रति मी. टन)	1690.91
क्षति मार्जिन (अम.डॉलर प्रति मी. टन)	561.31
क्षति मार्जिन (आईएनआर)	27,450
क्षति रहित कीमत के % के रूप में क्षति मार्जिन	33.20%

57. प्राधिकारी नोट करते है कि यद्यपि अन्य सूचीबद्ध ज्ञात कारकों से यह प्रदर्शित नहीं होता है कि घरेलू उद्योग को इन कारको से क्षति हुई है, तथापि निम्नलिखित मानदण्डों से यह प्रदर्शित होता है कि चीनी ताइपेई से संबद्ध वस्तुओं के पाटित आयातों से घरेलू उद्योग को क्षति हुई है:-

(क) चीनी ताइपेई से संबद्ध वस्तुओं के आयातों की पहुँच कीमतें घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत से कम थीं । कीमत कटौती के परिणामस्वरूप उपभोक्ताओं ने बड़ी मात्रा में आयातों की खरीद की है जिसके कारण घरेलू उद्योग के बाजार हिस्से में गिरावट आई है । अन्य देशों (जिन पर पाटनरोधी शुल्क लागू नहीं हैं और जो नई जाँच के अधिन नहीं हैं) से आयात नग्नय है ।

(ख) संबद्ध आयातों के कारण भारतीय बाजार में कम कीमत पर बिक्री हुई है । इसके परिणामस्वरूप आयात की निम्न कीमतों के कारण घरेलू उद्योग अपनी कीमतों में वृद्धि करने में असमर्थ है ।

(ग) घरेलू उद्योग पूर्व में उठाई गई क्षति के प्रभाव को समाप्त करने के लिए अपनी कीमतों में वृद्धि करने में असमर्थ रहे हैं । संबद्ध देश से पाटित आयातों के कारण कीमत अवमूल्यन के परिणामस्वरूप घरेलू उद्योग को लगातार वित्तीय घाटा हो रहा है और उसके कारण निवेश पर नकारात्मक आय तथा नकारात्मक नकद लाभ निरंतर जारी है । अतः लाभ, निवेश पर आय तथा नकद लाभ की निरंतर प्रतिकूल स्थिति बाजार में पाटित आयातों की उपस्थिति के कारण है ।

58. अतः प्राधिकारी इस निष्कर्ष पर पहुँचे हैं कि पाटनरोधी नियम के नियम 11 तथा पाटनरोधी करार के अनुच्छेद 3.5 के अर्थों के भीतर घरेलू उद्योग को चीनी आयातों के कारण लगातार क्षति हुई है ।

भारतीय उद्योग के हित एवं अन्य मुद्दे

59. प्राधिकारी मानते है कि पाटनरोधी शुल्क लागू करने से भारत में उत्पाद की कीमत का स्तर प्रभावित हो सकता है । तथापि भारतीय बाजार में उचित प्रतिस्पर्धा, पाटनरोधी उपायों के कारण कम नहीं होगी । इसके विपरीत पाटनरोधी शुल्क लागू करने से पाटन की पद्धतियों द्वारा अर्जित किए गए अनुचित लाभ को समाप्त किया जा सकेगा, घरेलू उद्योग में गिरावट को रोका जा सकेगा और इससे संबद्ध वस्तुओं के उपभोक्ताओं हेतु व्यापक विकल्पों की उपलब्धता बनाए रखने में सहायता मिलेगी ।

60. प्राधिकारी नोट करते है कि पाटनरोधी शुल्कों का उद्देश्य सामान्यतः पाटन की अनुचित व्यापार पद्धतियों द्वारा घरेलू उद्योग को हुई क्षति को समाप्त करना है । ताकि भारतीय बाजार में मुक्त एवं उचित प्रतिस्पर्धा की स्थिति को पुनः स्थापित किया जा सके, जो देश के सामान्य हित में होगा । पाटनरोधी उपायों को लागू करने से किसी भी प्रकार से संबद्ध देश से आयात बाधित नहीं होंगे, अतः उपभोक्ताओं हेतु उत्पादों की उपलब्धता प्रभावित नहीं होगी ।

अंतिम जांच परिणाम

61. हितबद्ध पक्षकारों द्वारा दिए गए तर्कों, प्रदत्त सूचना और किए गए अनुरोधों तथा उपर्युक्त जांच परिणाम में दर्ज किए गए अनुसार हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों अथवा अन्यथा के जरिए प्राधिकारी के समक्ष उपलब्ध तथ्यों को ध्यान में रखते हुए तथा वर्तमान एवं संभावित पाटन तथा क्षति की स्थिति और पाटन तथा क्षति जारी रहने या उसकी पुनरावृत्ति होने की संभावना के उपर्युक्त विश्लेषण के आधार पर प्राधिकारी यह निष्कर्ष निकालते हैं कि:-

(i) भारतीय बाजार में संबद्ध वस्तु पाटित कीमतों पर प्रवेश कर रही है और चीनी ताइपेई से आयातित संबद्ध वस्तु का पाटन मार्जिन अत्यधिक तथा न्यूनतम सीमा से ज्यादा है । मौजूदा पाटनरोधी शुल्क के बावजूद संबद्ध वस्तु का भारत को पाटित कीमतों पर निर्यात जारी है ।

(ii) घरेलू उद्योग को मौजूदा पाटनरोधी शुल्क के बावजूद वास्तविक क्षति जारी है । इसके अलावा, वर्तमान पाटनरोधी शुल्क की राशि न बढ़ाए जाने की स्थिति में घरेलू उद्योग को होने वाली क्षति में वृद्धि होने की संभावना है ।

62. यह निष्कर्ष निकालने के बाद कि उत्पाद का पाटित कीमतों पर निर्यात जारी है और घरेलू उद्योग की स्थिति नाजुक बनी हुई है तथा ताइवान से पाटित आयातों पर पाटनरोधी शुल्क की वर्तमान राशि अपर्याप्त है, प्राधिकारी का मत यह है कि संबद्ध देश से हुए आयातों के संबंध में उपाय की राशि में वृद्धि करना अपेक्षित है । अतः प्राधिकारी यह आवश्यक समझते हैं और चीनी ताइपेई से संबद्ध वस्तु के आयातों पर पाटनरोधी शुल्क की राशि में वृद्धि करने की सिफारिश करते हैं ।

63. प्राधिकारी द्वारा अपनाए गए कमतर शुल्क नियम को ध्यान में रखते हुए, प्राधिकारी पाटन मार्जिन तथा क्षति मार्जिन, इनमें से जो भी कम हो, के बराबर पाटनरोधी शुल्क लगाने की सिफारिश करते हैं ताकि घरेलू उद्योग को हुई क्षति समाप्त की जा सके । क्षति की मात्रा का निर्धारण करने के प्रयोजनार्थ आयातों के पहुंच मूल्य की तुलना जांच अवधि के लिए निर्धारित घरेलू उद्योग की क्षति रहित कीमत के साथ की गई है । तदनुसार, चीनी ताईपेई के मूल की या वहां से निर्यातित संबद्ध वस्तु के सभी आयातों पर निम्नलिखित तालिका के कालम 9 में उल्लिखित राशि के बराबर पाटनरोधी शुल्क लगाने की सिफारिश की जाती है ।

शुल्क तालिका

क्र. सं.	उप-शीर्ष	विवरण	विनिर्देशन	उद्गम का देश	निर्यात का देश	उत्पादक	निर्यातक	राशि	इकाई	मुद्रा
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)	(10)	(11)
1.	2905.42	पेंटाएरीथ्रिटॉल	कोई	चीनी ताईपेई	चीनी ताईपेई	कोई	कोई	24,167	मी.टन	भा. रूपए
2.	2905.42	पेंटाएरीथ्रिटॉल	कोई	चीनी ताईपेई	पाटनरोधी शुल्क के अध्यधीन देश/देशों अथवा भू-भाग से इतर कोई अन्य देश	कोई	कोई	24,167	मी.टन	भा. रूपए
3.	2905.42	पेंटाएरीथ्रिटॉल	कोई	कोई	चीनी ताईपेई	कोई	कोई	24,167	मी.टन	भा. रूपए

64. इस सिफारिश से केन्द्र सरकार के आदेशों के खिलाफ उत्पन्न होने वाली कोई अपील अधिनियम के संगत उपबंधों के अनुसार सीमाशुल्क, उत्पाद शुल्क तथा सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण में दायर की जा सकेगी ।

विजयलक्ष्मी जोशी, निर्दिष्ट प्राधिकारी

MINISTRY OF COMMERCE AND INDUSTRY

(Department of Commerce)

(DIRECTORATE GENERAL OF ANTI-DUMPING AND ALLIED DUTIES)

NOTIFICATION

New Delhi, the 17th June, 2011

Final Findings

(Mid-Term Review)

Sub. : Mid-term review investigation with regard to the anti-dumping duties in force involving the imports of Pentaerythritol from Chinese Taipei - Final Findings.

A. BACKGROUND OF THE CASE

No. 15/10/2010-DGAD.—Having regard to the Customs Tariff Act, 1975 as amended (hereinafter referred to as Act) and the Customs Tariff (Identification, Assessment and Collection of Duty or Additional Duty on Dumped Articles and for Determination of Injury) Rules, 1995 as amended (hereinafter referred to as Rules), the Designated Authority (hereinafter referred to as Authority) initiated a midterm review anti-dumping investigation on 22nd June, 2010 into alleged dumping of Pentaerythritol originating in or exported from Chinese Taipei. The original investigation was initiated on 22nd November, 2001 against imports of Pentaerythritol originating in and exported from Chinese Taipei, Canada and Japan. The provisional anti-dumping duty was imposed on imports of Pentaerythritol from all the three countries *vide* Customs notification No. 33/2002-CUS, dated 27th March, 2002 on the basis of the preliminary findings of the Authority dated 15th February, 2002. The final findings was notified *vide* notification dated 8th October, 2002 and the Department of Revenue imposed definitive anti-dumping duties on the subject goods from above subject countries *vide* notification No. 119/2002-CUS, dated 31st October, 2002. The Authority initiated sunset review investigations after the expiry of five years on 15th March, 2007. The sunset review final findings were notified *vide* notification dated 5th March, 2008 and the Department of Revenue extended definitive anti-dumping duties on the subject goods from Chinese Taipei and Japan *vide* notification No. 55/2008-CUS, dated 28th April, 2008.

2. And whereas the Rules require the Authority to review, from time to time, the need for continued imposition of Anti-Dumping Duty and if it is satisfied, on the basis of positive information received by it that there is no justification for continued imposition

of such duty, the authority may recommend to the Central Government for its withdrawal. In terms of the above provision, the Designated Authority, received an application filed by M/s. Kanoria Chemicals & Industries Ltd. substantiating the need for midterm review of the anti dumping duty imposed on the subject goods originating in or exported from Chinese Taipei and requested for enhancement / revision of the anti dumping duty imposed on subject goods. The domestic industry, amongst the various grounds submitted by them, submitted that existing measure is no longer sufficient to counteract the dumping which is causing injury and the domestic industry has not been able to improve its performance in spite of the existing anti-dumping duties. It was added that once injurious dumping is addressed, the domestic industry should have been in a position to improve its performance to a reasonable level. The domestic industry also contended that profitability of the domestic industry is suffering adversely as a result of price undercutting being caused by the imports, in spite of the existing anti dumping duties. It was further submitted by the domestic industry that significant volumes of imports was taking place at dumped prices in spite of anti dumping duty being in force. It was also contended that the imports from Chinese Taipei are causing significant price undercutting and price underselling even after imposition of the current anti dumping duties.

